सोमवार, 15 अप्रैल 2024, ठाणे, मुंबई

CITY NEWS MUMBAI

YouTube LIVE STREAM

दैनिक सिटी न्यूज मुंबई

सच का जोश

वर्ष 13 • अंकः 225 CITY NEWS MUMBAI

एनसीपी (शरदचंद्र पवार) में शामिल हुए धैर्यशील मोहिते पाटिल

मुंबईः महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने एक बार फिर पवार गेम दिखाया है। शरद पवार और पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते पाटिल की मुलाकात के बाद उनके भतीजे धैर्यशील मोहिते पाटिल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) में शामिल हो गए। महाराष्ट्र प्रदेश के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने धैर्यशील मोहिते पाटिल का पार्टी में स्वागत किया। धैर्यशील अब महाराष्ट्र की माढा सीट से चुनाव लड़ेंगे। धैर्यशील मोहिते का शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में आने को बीजेपी के लिए बड़ी चुनौती के तौर देखा जा रहा है। मैंने दिवाली पर जताई थी इच्छा शेष पृष्ठ 7 पर

मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला तो फिर करूंगा अनशन'

मनोज जरांगे का शिंदे सरकार को अल्टीमेटम

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। अब मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने इसे लेकर राज्य की शिंदे सरकार को खुली चुनौती दी है। जरांगे का कहना है कि अगर मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं मिला, तो वे पांच जून से अनशन शुरू करेंगे। बता दें कि चार जून को लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आएंगे और इसके ठीक एक दिन बाद पांच जून से जरांगे ने अनशन का अल्टीमेटम दिया है।

मनोज जरांगे ने सरकार पर साधा निशाना

मनोज जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पूरे राज्य में मराठा आरक्षण आंदोलनकारियों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

उन्होंने सवाल पूछा कि आखिर चार महीने पुरानी घटनाओं को लेकर अब मामले क्यों दर्ज हो रहे हैं? जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने मराठा समुदाय को आरक्षण से वंचित रखा, तो वे पांच जून से भूख-हड़ताल शुरू करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भूख-हड़ताल के बाद राज्य में छह जून से नया आंदोलन शुरू किया जाएगा।

राजनीतिक दलों पर लगाया धोखा देने का आरोप

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जरांगे ने कहा कि अगर सरकार ने मांगें नहीं मानी, तो वे दूसरी छमाही में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मराठाओं शेष पृष्ठ 7 पर

मीरा रोड की फिर से बिगड़ने लगी है आबोहवा, सांस लेना हुआ मुश्किल, हाईकोर्ट ने मनपा को लगाई फटकार

मीरा-भाईंदरः शहर की आब-ओ-हवा फिर से बिगड़ने लगी है। कुछ महीने पहले शहर की गंभीर प्रदूषण समस्या को लेकर उच्च न्यायालय ने मीरा-भाईंदर मनपा को फटकार लगाई थी। अदालत की फटकार के बाद आनन-फानन में शहर में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय किए गए थे, लेकिन अब फिर से प्रशासन की लापरवाही सामने आने लगी है। इस लापरवाही का खामियाजा शहरवासियों को उठाना पड़ रहा है। शहर की आब-ओ-हवा खराब होने

लगी है। अप्रैल में अब तक एयर क्वॉलिटी का स्तर 100 एक्यूआई से ज्यादा रहा है, जो बढ़ते प्रदूषण का प्रमाण है। सड़कों की खुदाई, इमारतों के निर्माण कार्य, आरएमसी प्लांट व फैक्ट्रियों के प्रदूषण ने शहर की हवा को खराब कर दिया है। पूरे शहर की हवा में 'धूल-मिट्टी' ही दिखाई दे रही है, जबकि प्रदूषण को नियंत्रित करने व धूल साफ करनेवाली मिस्ट मशीनें भी धूल फांक रही हैं। मनपा प्रशासन ने लाखों रुपये की लागत से यह मशीनें खरीदी थीं, लेकिन इनका उपयोग नहीं हो रहा है।तापमान और प्रदूषण से लोग बेहालमार्च महीने के मुकाबले अप्रैल महीने में शहर का AQI (एयर क्वॉलिटी इंडेक्स) लगातार खराब हो रहा है। मार्च के आखिरी हफ्ते में शेष पृष्ठ 7 पर

सूरत के उधना स्टेशन पर प्रवासी मजदूरों का सैलाब

मुंबईः पश्चिम रेलवे के मुंबई डिविजन में सूरत से सटे उधना स्टेशन से पिछले एक सप्ताह में करीब 50 हजार लोग अनारक्षित ट्रेनों से गांव लौट चुके हैं। रविवार को भीड़ बढ़ने के बाद एक ही दिन में पांच ट्रेनें भागलपुर या छपरा के लिए रवाना की गईं। इनसे करीब 16 हजार लोगों को शेष पृष्ठ 7 पर

मोदी और पुतिन में कोई अंतर नहीं... शरद पवार ने सोलापुर में लगाया लोकतंत्र को खत्म करने का बड़ा आरोप

मुंबईः राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश में धीरे-धीरे लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई फर्क नहीं है। पवार सोलापुर जिले में अकलुज में पत्रकारों से बात कर रहे थे, जहां वह माढा और सोलापुर लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते पाटिल के आवास पर पहुंचे।

केजरीवाल को लेकर साधा निशाना

पवार ने कहा कि मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष से कोई भी निर्वाचित हो। प्रधानमंत्री का इस तरह का रुख दिखाता है कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन में

कोई अंतर नहीं है। पवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर मौजूदा मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) की गिरफ्तारी दिखाती है कि मोदी धीरे-धीरे संसदीय लोकतंत्र नष्ट कर रहे हैं और देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में सत्तारूढ़ पार्टी की तरह विपक्ष भी बराबर का महत्वपूर्ण है। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि यह उनके घोषणापत्र पर टिप्पणी करने के लिए उचित समय नहीं है। हालांकि वादे करना भाजपा की विशेषता है। माढा सीट से लड़ें धैर्यशील मोहिते

पवार ने कहा कि यह बैठक माढा और सोलापुर लोकसभा क्षेत्र पर चर्चा करने के लिए हुई, शेष पृष्ठ 7 पर